हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 24 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 नप की बैठक में पार्षद ने किया जोरदार हंगामा अर्धनग्न व काला कपड़ा...



09 ओबीसी के 27 फीसदी आरक्षण पर रोक के विरोध में ओबीसी...



## खबर संक्षेप

### 11 हजार से अधिक हितग्राहियों की ई-केवाईसी लंबित

**सीहोर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत शामिल पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु जिला अपूर्ति अधिकारी श्रीमती रेश्मा भामोर द्वारा निर्देश जारी किए गए। जिले में 22 अक्टूबर तक कुल 45,958 हितग्राहियों में से 34,947 की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है तथा 11,011 हितग्राहियों की ई-केवाईसी लंबित है। खाद्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, आष्टा में 2,240, बुधनी में 506, इछावर में 2,057, भैरूंदा में 2,421 और सीहोर में 3,787 हितग्राहियों की ई-केवाईसी शेष है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती भामोर ने सभी सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शेष हितग्राहियों की ई-केवाईसी 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराई जाए।

### युवा 30 अक्टूबर तक करें आवेदन

**सीहोर।** युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने, सार्वजनिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा नीति-निर्माण प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित भारत युवा संसद 2027 का आयोजन किया जा रहा है। आठवें संस्करण का आयोजन मेरा युवा भारत (MY Bharat), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' रखा गया है। इसमें भाग लेने के इच्छुक पात्र युवा 30 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में 17 अगस्त 2026 तक 18 से 25 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भाग ले सकते हैं। इसमें विद्यार्थी और गैर-विद्यार्थी दोनों आवेदन के पात्र हैं। ग्रामीण युवाओं, महिलाओं तथा वंचित वर्गों के युवाओं को भी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पूर्व के युवा संसद संस्करणों के राष्ट्रीय दौर के फाइनलिस्ट इस प्रतियोगिता के लिए पात्र नहीं होंगे।

### सोयाबीन किसानों की पंजीयन अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ाई

**सीहोर।** राज्य शासन ने किसानों के व्यापक हित में ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन के पंजीयन की अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। भारत सरकार की भावांतर योजना में खरीफ 2026 में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अवधि 3 से 17 अक्टूबर तक निर्धारित थी। इस संबंध में सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये गये हैं। उन्हें पंजीकृत कृषकों का सत्यापन भी इस अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने जताई नाराजगी, कलेक्टर को भेजा पत्र

# शिक्षा व्यवस्था राम भरोसे, पोर्टल पर डेटा एंट्री में जिला फिसड्डी, 1.33 लाख बच्चों की प्रोफाइल अधूरी

जिले में कार्य की रफ्तार इतनी धीमी है कि हजारों बच्चों का शैक्षणिक भविष्य ही अधर में लटकता नजर आ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिले के सरकारी और निजी स्कूलों में शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही और सुस्त कार्यप्रणाली एक बार फिर उजागर हुई है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन पोर्टल पर डेटा एंट्री के मामले में सीहोर जिला प्रदेश में सबसे पीछे छूट गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने जिले की इस बेहद निराशाजनक स्थिति पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कलेक्टर को अर्ध शासकीय पत्र भेजा है। संचालक ने निर्देश दिए हैं कि 25 अक्टूबर तक शत प्रतिशत काम हर हाल में पूरा किया जाए, अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी।

राज्य शासन द्वारा पूरे प्रदेश में 31 अगस्त तक सभी विद्यार्थियों का शत प्रतिशत नामांकन पूरा करने और ड्रॉप बॉक्स को शून्य करने की सख्त समय-सीमा तय की गई थी, लेकिन जिले के जिम्मेदार अधिकारियों और मैदानी अमले की उदासीनता के चलते यह मियाद बीते दो महीने से अधिक समय होने के बाद भी फेल साबित हुई है। जिले में कार्य की रफ्तार इतनी धीमी है कि हजारों बच्चों का शैक्षणिक भविष्य ही अधर में लटकता नजर आ रहा है।

**13 हजार से अधिक बच्चे ड्रॉप बॉक्स में कैद :** पिछले शैक्षणिक सत्र में जिले में 2 लाख 66 हजार 463 विद्यार्थी दर्ज थे, जबकि इस सत्र में अब तक केवल 2 लाख 53 हजार 500 बच्चों का ही नामांकन हो सका है। 12 हजार 963 बच्चों का नामांकन लंबित है और 13 हजार 68 छात्र-छात्राएं अब भी पोर्टल के ड्रॉप बॉक्स में अटके हुए हैं। पिछली कक्षा या स्कूल बदलने वाले इन बच्चों का अगली कक्षा में ट्रांजिशन न होना प्रशासनिक नाकामी को दर्शाता है।

### 1.33 लाख छात्रों का डेटा ही गायब

जिले के कुल 2 लाख 84 हजार 437 विद्यार्थियों में से मात्र 1 लाख 51 हजार 132 (केवल 53 प्रतिशत) की प्रोद्वक्ताइल ही पूरी की जा सकी है यानी 1 लाख 33 हजार 305 (47 प्रतिशत) विद्यार्थियों की प्रोफाइल पोर्टल पर अधूरी पड़ी है, जिससे वे शासकीय योजनाओं और छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

### आधे से ज्यादा स्कूलों में शिक्षकों का डेटा अधूरा

जिले के कुल 2225 स्कूलों में से महज 1056 (47 प्रतिशत) स्कूलों ने ही अपने शिक्षकों की प्रोफाइल पूरी की है। 1169 स्कूलों में यह काम ठप पड़ा है। जिले के 2225 स्कूलों में से सिर्फ 1629 स्कूलों की प्रोफाइल अपडेट हुई है, जबकि 596 स्कूलों का डेटा अब भी पेंडिंग है।

### योजनाओं के लाभ पर मंडराया संकट

डेटा एंट्री में इस भयानक देरी का सीधा असर जिले के गरीब और जरूरतमंद बच्चों पर पड़ रहा है। यदि पोर्टल पर प्रोफाइल समय से अपडेट नहीं होती है तो विद्यार्थियों को मिलने वाली साइकिल, यूनिफॉर्म, पाठ्यपुस्तकें और विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों का वितरण लटक सकता है।

### 25 अक्टूबर तक काम पूरा न होने पर गिरेगी गाज

राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने 16 अक्टूबर को भेजे अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि ड्रॉप बॉक्स में अटके विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोमोट करना बेहद अनिवार्य है। उन्होंने कलेक्टर से कहा है कि 25 अक्टूबर से पहले शत प्रतिशत नामांकन और शून्य ड्रॉप बॉक्स का लक्ष्य हर हाल में हासिल किया जाए। साथ ही समय सीमा की बैठक में इस मुद्दे को गंभीरता से शामिल कर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

## इंदौर नाके-स्टेशन ब्रिज तक फोरलेन सड़क निर्माण: गणेश मंदिर चौराहा होते हुए बनेगी, लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू की



**सीहोर।** शहर में इंदौर नाके से गणेश मंदिर चौराहा, लुनिया चौराहा होते हुए रेलवे स्टेशन ब्रिज तक करीब 4 किलोमीटर लंबी फोरलेन सीसी सड़क बनाई जाएगी। इस परियोजना पर 44 करोड़ रुपए खर्च होंगे। लोक निर्माण विभाग ने निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।



### लंबे समय से खराब थी सड़क

इंदौर नाके से स्टेशन ब्रिज तक जाने वाला यह मार्ग लंबे समय से खराब हालत में था। सड़क पर गड्ढे और रास्ता संकरा होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी। साथ ही, ट्रैफिक का दबाव भी बना रहता था। फोरलेन सड़क बनने से इस मार्ग पर आवागमन सुगम होने की उम्मीद है।

**सड़क के साथ होगा विद्युतीकरण :** परियोजना के तहत सड़क निर्माण के साथ विद्युतीकरण का काम भी किया जाएगा। इससे रात के समय रोशनी की समस्या दूर करने में मदद मिलेगी। सीहोर विधायक सुदेश राय के प्रयासों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस परियोजना के लिए 44 करोड़ रुपए मंजूर किए थे। अब लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने और निर्माण एजेंसी तय होने के बाद सड़क बनाने का काम शुरू होगा।

## खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, 14 नाव इंजन और पनडुब्बी मशीन जब्त, रेत माफियाओं में मचा हड़कंप

### छीपानेर, रानीपुरा और चौरसाखेड़ी के नर्मदा घाट पर दी दबिश, गोपालपुर थाने में रखवाए उपकरण



**भैरुंदा।** सीहोर जिले की नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 नाव इंजन और एक पनडुब्बी मशीन जब्त की है। शुक्रवार को सीहोर खनिज विभाग की टीम ने भैरुंदा तहसील के ग्राम छीपानेर, रानीपुरा और चौरसाखेड़ी में कार्रवाई की। जब्त किए गए सभी उपकरण गोपालपुर थाने की सुरक्षा में रखवाए गए हैं। खनिज विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन में लगे लोगों में हड़कंप मच गया।

जिला कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने नर्मदा नदी के इन क्षेत्रों में पहुंचकर कार्रवाई की। नदी से रेत निकालने के लिए नावों और मशीनों का इस्तेमाल किए जाने के बीच विभाग ने उत्खनन में उपयोग होने वाले उपकरणों को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान 14 नाव इंजन और एक पनडुब्बी मशीन जब्त की गई। विभाग ने सभी उपकरण गोपालपुर थाने में रखवा दिए हैं।

### तीन गांवों के रेत घाट पर की कार्रवाई

खनिज विभाग ने छीपानेर, रानीपुरा और चौरसाखेड़ी क्षेत्र में कार्रवाई कर अवैध रेत उत्खनन पर अंकुश लगाने की दिशा में कदम उठाया है। नर्मदा नदी से रेत निकालने के लिए नाव और मशीनों का इस्तेमाल किए जाने से संबंधित गतिविधियों पर विभाग की नजर है। इसी के तहत जिला प्रशासन के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

**अवैध उत्खनन पर सख्ती :** नर्मदा नदी से नियमों के विरुद्ध रेत निकालने से पर्यावरण और नदी के प्राकृतिक स्वरूप पर असर पड़ने की आशंका रहती है। इसके अलावा अवैध उत्खनन से शासन को राजस्व का नुकसान भी हो सकता है। ऐसे में खनिज विभाग द्वारा उपकरणों की जब्ती को अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे के अनुसार, अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। खनिज विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए निगरानी और सख्ती बनाए रखने पर जोर रहेगा।

## कोटवार संघ का बड़ा ऐलान, 22 से 28 अक्टूबर तक टाउन हॉल के सामने दे रहे धरना




**सीहोर।** जिले के कोटवारों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। गौरतलब है कि कोटवार लंबे समय से नियमितीकरण, वेतन वृद्धि और शासकीय सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। जिला कोटवार संघ के बैनर तले 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक अनिश्चितकालीन हड़ताल और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। टाउन हॉल के सामने होगा धरना प्रदर्शन : प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटवार संघ के सभी सदस्य टाउन हॉल, सीहोर के सामने एकत्रित होकर शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करेंगे। यह हड़ताल लगातार 7 दिन तक चलेगी।

**28 अक्टूबर को सौंपेंगे ज्ञापन :** आंदोलन के अंतिम दिन 28 अक्टूबर को समस्त कोटवार संघ एकजुट होकर कलेक्टर महोदय सीहोर को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेगा। संघ का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष छगनलाल करेंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कालूराम, तहसील अध्यक्ष अमर सिंह, उपाध्यक्ष राकेश मालवीय, लालू सेन इछावर, राजमल, जितेंद्र, गोपाल सिंह, रामभरोस, मांगीलाल, राधेश्याम, आनंद, संतोष मालवीय, गोपाल सिंह अहिरवार सहित जिले भर के सैकड़ों कोटवार साथी मौजूद रहेंगे।

## मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन की पहल से मिला आत्मनिर्भर बनने का अवसर

# महिला सशक्तिकरण की नई उड़ान: 83 महिलाओं ने शुरू किया अपना व्यवसाय





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

महिला सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के महिला उद्यमिता कार्यक्रम के अंतर्गत 83 महिलाओं ने अपने स्वयं के व्यवसाय की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है।

कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं ने अपनी रुचि, कौशल और स्थानीय जरूरतों के अनुसार विभिन्न व्यवसाय शुरू किए हैं। इनमें किराना दुकान, सिलाई सेंटर, ब्यूटी पार्लर, कॉस्मेटिक शॉप, आटा चक्की, रेडीमेड कपड़ों की दुकान, साड़ी व्यवसाय, पीको सेंटर और सब्जी दुकान जैसे व्यवसाय शामिल हैं। अपने व्यवसाय की शुरुआत के साथ ही ये महिलाएं न केवल अपनी आजीविका को मजबूत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में योगदान देने और समाज में अपनी अलग पहचान बनाने की ओर भी कदम बढ़ा रही हैं। स्वरोजगार के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन का महिला उद्यमिता कार्यक्रम महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा उन्हें आजीविका के बेहतर अवसरों से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस प्रकार की पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खोलने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## कुबेरेश्वरधाम पर प्रदोष व्रत का आयोजन

### श्रद्धालुओं ने की कंकर-शंकर की पूजा अर्चना

### भगवान और भक्त का रिश्ता किसी औपचारिक नियम से नहीं, बल्कि सच्चे भाव और प्रेम से जुड़ा होता: अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा



**सीहोर।** भगवान और भक्त का रिश्ता किसी औपचारिक नियम से नहीं, बल्कि सच्चे भाव और प्रेम से जुड़ा होता, जब भी भक्त पर कोई कठिनाई आती है, भगवान किसी न किसी रूप में उसकी रक्षा करते हैं। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। कुबेरेश्वरधाम पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन नियमित रूप से मां अन्नपूर्ण सीता रसोई से समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य के द्वारा प्रसादी का वितरण किया जाता है। शुक्रवार को यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 2 क्विंटल मावे की बर्फी के प्रसादी भोजन के साथ वितरण की गई।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम पर रविवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन के साथ खीर की प्रसादी का वितरण किया जाएगा। पवित्र कंकर-शंकर की भूमि कुबेरेश्वरधाम स्थित श्री मुरली मनोहर मंदिर में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य एवं दिव्य महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को भगवान श्री मुरली मनोहर के मनमोहक श्रृंगार और चंद्र दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त होगा। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बनाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से महोत्सव में शामिल होकर भगवान श्री मुरली मनोहर के दर्शन करने तथा राधा नाम संकीर्तन में सहभागिता करने की अपील की। शरद पूर्णिमा महोत्सव के दौरान भगवान श्री मुरली मनोहर के दिव्य दर्शन, राधा नाम संकीर्तन और डांडिया महोत्सव के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होगी। विठलेश सेवा समिति द्वारा आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से महोत्सव में पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रमों का लाभ लेने का आह्वान किया है।

## खबर संक्षेप

### सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 25 अक्टूबर तक

**सीहोर।** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए "सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार" एवं "बेस्ट आत्मा जिला पुरस्कार" हेतु पात्र एवं इच्छुक कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। कृषकों से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार तथा उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले कृषकों का निर्धारित मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन कर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रत्येक विकासखंड से 5 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर रूपये-10,000 प्रति कृषक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं जिला स्तर पर चयनित 10 उत्कृष्ट कृषकों को रूपये- 25,000 प्रति कृषक की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं उन्नत तकनीकों को अपनाने वाले कृषकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। पात्र कृषक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन संबंधित आत्मा कार्यालय अथवा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में आवश्यक अभिलेखों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

### उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए लगेंगे शिविर

**सीहोर।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सीहोर वृत्त द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 'संपर्क अभियान' के तहत 23 अक्टूबर को आष्टा संभाग के जावर में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें विद्युत संबंधी शिकायतों का निराकरण किया गया। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि नवंबर 2026 में विद्युत वितरण केंद्रों पर शिविर लगाए जाएंगे। इनमें बिजली बिल सुधार, मीटर संबंधी समस्याएं, सर्विस केबल, कनेक्शन, भुगतान सहित अन्य तकनीकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। शेष शिकायतों पर भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे नवंबर में आयोजित होने वाले शिविरों में पहुंचकर अपनी बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान कराएं।

## वार्ड में विकास कार्यों में भेदभाव व नपं की जानकारी नहीं देने का लगाया आरोप

# नप की बैठक में पार्षद ने किया जोरदार हंगामा अर्धनग्न व काला कपड़ा ओड़कर किया प्रदर्शन

बताया जा रहा है कि इन्हीं बातों से आक्रोशित होकर पार्षद जुनैद खान ने परिषद की बैठक का विरोध करते हुए गेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में आयोजित परिषद की बैठक में उस वक्त हंगामा हो गया जब एक पार्षद ने अपने वार्ड में विकास कार्यों की अनदेखी एवं भेदभाव किए जाने के आरोप लगाते हुए सीएमओ से चाहीं गई जानकारी नहीं देने से नाराज़ होकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान पार्षद अर्धनग्न एवं काला कपड़ा ओड़कर अनोखे अंदाज में कार्यालय के मुख्य गेट पर अपना विरोध प्रदर्शन करने लगा। इस दौरान नाराज़ पार्षद की सीएमओ के साथ तीखी और गर्मागर्म बहस भी हुई।

नपं सभागार में शुक्रवार को परिषद की बैठक चल रही थी कि इसी दौरान वार्ड 15 के पार्षद जुनैद खान ने जोरदार हंगामा करना शुरू कर दिया। दरअसल उनका आरोप था कि उनके वार्ड में विकास कार्यों में भेदभाव एवं अनदेखी की जा रही है। रोड, पुल निर्माण और अन्य जरूरी मुद्दों को लेकर सीएमओ से कई बार पत्राचार किया गया इसके साथ ही आरटीआई के तहत नपं से जुड़ी कुछ जानकारी भी मांगी गई । लेकिन सीएमओ ने ना तो कोई संतोषजनक जवाब दिया और ना ही चाहीं गई जानकारियां तय सीमा (30 दिन ) में दी गई। बताया जा रहा है कि इन्ही बातों से आक्रोशित होकर पार्षद जुनैद खान ने परिषद की बैठक का विरोध करते हुए गेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

बैठक में पार्षद ने सफाई कर्मचारियों का 4 साल से रुका हुआ पीएफ और अन्य भुगतान न मिलने का मुद्दा भी उठाया और कहा कि वे कर्मचारियों के हक की इस लड़ाई में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। इस हंगामे के चलते परिषद कार्यालय में



काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।

### सूचना अधिकार अधिनियम का सीएमओ उड़ा रहा मखौल

पार्षद जुनैद खान ने बताया कि उन्होंने परिषद से जुड़ी कुछ जानकारियां सीएमओ से मांगी थी , इसके लिए उन्होंने अपने लेटरहैड पर लिखकर उन जानकारियों का विवरण लिखकर दिया था , लेकिन सीएमओ ने वह जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। इसके बाद उन्होंने सुचना का अधिकार अधिनियम के तहत वांछित जानकारी के लिए आवेदन दिया, लेकिन तय समय-सीमा समाप्त होने के बावजूद आवेदक को चाहीं गई जानकारी नहीं दी गई। सीएमओ नपं इछावर अनिल बिंदुआ ने बताया कि सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य किये जा रहें। संबंधित पार्षद द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार व बेबुनियाद है। सूचना अधिकार अधिनियम में चाहीं गई कुछ जानकारियां गोपनीय है, जिन्हें सार्वजनिक रूप से देना संभव नहीं है।

### पार्षद द्वारा यह जानकारी मांगी गई है

1. 01 सितम्बर 2022 से लेकर दिनांक 23/9/2026 तक इछावर में जो भी निर्माण कार्य हुए है, उसकी जानकारी एवं निर्माण कहाँ-कहाँ हुए, और निर्माण कार्य करने का ठेका किसको दिया, और कितने में दिया पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराये ।
2. कस्बा इछावर में जितने भी निर्माण कार्य हुए उसके टेंडर की प्रक्रिया किस आधार पर हुई उपलब्ध कराये ।
3. कस्बा इछावर में निर्माण कार्य हुए उसकी विज्ञाप्ति किन-किन अखबारो में दी उसकी छायाप्रति बताए, एवं अखबार में दी गई विज्ञाप्ति की शूल्क रसीद उपलब्ध कराए।
4. नाला निर्माण कार्य में जितना भुगतान किया गया, वह किस प्रक्रिया और किस खाते से किया गया जानकारी उपलब्ध कराये एवं नाला की डीपीआर उपलब्ध कराये।
5. वर्ष 2023 से दिनांक 23/9/2026 तक साफ-सफाई में कितने रूपये खर्च किये एवं साफ-सफाई के लिए अभी क्या-क्या सुविधा उपलब्ध है।
6. वर्ष 2023 से दिनांक 23/9/2026 तक नगर को पानी उपलब्ध कराने में कितना रूपया खर्च हुआ उपलब्ध कराये एवं इछावर में शुद्ध पानी पिलाने की नगर परिषद के पास क्या व्यवस्था है उपलब्ध कराये ।
7. नगर परिषद में स्थाई एवं अस्थाई कर्मचारी कितने है, उनकी शैक्षणिक योग्यता क्या है एवं वेतन कितना दिया जाता है, सूची उपलब्ध कराए
8. वर्ष 2023 से वर्ष 23/9/2026 तक नगर परिषद कितने बजट का कार्य किया और कहाँ-कहाँ किया जानकारी उपलब्ध कराये, किस-किस खातो से बजट का रूपया भेजा गया । अभी तक नगर परिषद इछावर में कितने खाते है, खाते नम्बर सहित उपलब्ध कराये, अभी वर्तमान में उक्त खातो में कितनी राशि है उपलब्ध कराए।

## मोटरसाइकिल सहित 2 किलो 939 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त, नकदी सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश तथा एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे व एसडीओपी पी.एन. गोयल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दोराहा उनि राकेश शर्मा एवं उनकी टीम ने अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है ।



घटना का संक्षिप्त विवरण एवं पुलिस कार्यवाही : दिनांक 19/10/2026 को मुखबिर की सूचना पर झरखेड़ा निर्माणाधीन रेलवे लाइन के पास से आरोपी शारिम खां और रेहान खां को मोटरसाइकिल से गांजा बेचने की फिराक में पकड़ा गया। इनके पास से 2 किलो 939 ग्राम गांजा जप्त कर थाना दोराहा में अपराध क्र. 231/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर दो अन्य सहयोगी आरोपी आदित्य दांगी और रिहान खां को गिरफ्तार किया गया एवं 28,000/- रुपये जप्त किए गए हैं । मामले में आगे की कार्यवाही जारी है ।

गिरफ्तार आरोपियों में क्रमशः शारिम पिता शकील खां (21 वर्ष), निवासी ग्राम झरखेड़ा, थाना दोराहा, रेहान पिता शाकिर खां (22 वर्ष), निवासी रामनगर कॉलोनी, दोराहा, आदित्य दांगी पिता दौलतराम दांगी (21 वर्ष), निवासी नातराखेड़ी, थाना दोराहा, रिहान पिता शाहरुख खां (20 वर्ष), निवासी ब्यावरा, जिला राजगढ़ हैं।

## बुलेट से पटाखे जैसी आवाज निकालने वाले चालक पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, 5 हजार का जुर्माना और साइलेंसर जब्त

**सीहोर।** बुलेट मोटरसाइकिल के मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाखे फोड़ने जैसी आवाज कर सनसनी फैलाने और आम जनता की सुरक्षा खतरे में डालने वाले एक चालक के खिलाफ रेहटी पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर न केवल उस पर भारी जुर्माना लगाया, बल्कि उसकी बाइक का साइलेंसर भी जब्त कर लिया है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 अक्टूबर को थाना रेहटी क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस गश्त और निगरानी के दौरान यह कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि कस्बे की सड़कों पर एक बुलेट मोटरसाइकिल का चालक वाहन के साइलेंसर से जानबूझकर पटाखे जैसी तेज आवाजें निकालकर आतंक मचा रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन और चालक की पहचान की और पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कुल पांच हजार रुपये का चालान काटा और मौके पर ही बुलेट का अवैध साइलेंसर जब्त कर लिया।

### लोगों के लिए आफत बनते जा रहे हैं पटाखा बुलेट

रेहटी नगर और आसपास के इलाकों में पिछले कुछ समय से बुलेट मोटरसाइकिलों में अवैध और मॉडिफाइड साइलेंसर लगवाकर तेज धमाके करने का चलन तेजी से बढ़ा है, जो आमजन के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जब चलती बाइक से अचानक जोरदार पटाखे जैसी आवाज निकलती है, तो सड़क पर चल रहे बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और दोपहिया वाहन चालक घबरा जाते हैं। इससे वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ने और गंभीर सड़क हादसे होने की आशंका बनी रहती है। इस तरह अचानक होने वाले तेज धमाके दिल के मरीजों, छोटे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत के लिए भी बेहद नुकसानदायक साबित होते हैं।

**पुलिस की सख्त चेतावनी :** नागरिकों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए राहत की सांस ली है।

वहीं, रेहटी पुलिस ने चेतावनी दी है कि जो भी वाहन चालक अपनी गाड़ियों में इस तरह के अवैध बदलाव करवाकर आम जनता की शांति और सुरक्षा में बाधा डालेंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की है।

## डाकघर की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए महामेले का आयोजन

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की विभिन्न बचत एवं बीमा योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सीहोर के गीता भवन में डाकघर महामेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंदौर क्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री गौरव श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने डाकघर की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाककर्मियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित डाक विभाग देशभर में अपने विशाल डाकघरों के नेटवर्क के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न प्रकार की बचत, निवेश एवं बीमा



सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। इसी क्रम में महामेले के दौरान बचत बैंक खाता, आवर्ती जमा खाता, पीपीएफ खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, वरिष्ठ नागरिक बचत खाता, मासिक आय खाता, सावधि जमा खाता, राष्ट्रीय बचत पत्र एवं किसान विकास पत्र जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा सहित अन्य सुविधाओं के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीहोर संभाग के डाकघर अधीक्षक प्रवीण श्रीवास्तव ने की। उन्होंने डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 23 अक्टूबर तक किए गए व्यवसाय की समीक्षा की। उन्होंने डाक विभाग की योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने तथा आमजन को बचत और बीमा सुविधाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन सीहोर के डीओ पीएलआई संदीप सोनी ने किया। महामेले में सीहोर जिले के विभिन्न डाकघरों के डाककर्मी उपस्थित रहे।

### शराब पिलाने वाले ढाबों पर पुलिस की दबिश, संचालकों में मचा हड़कंप



**सीहोर।** शहर में ढाबों पर अवैध रूप से शराब पिलाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। टीआई गिरीश दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन ढाबों पर दबिश देकर जांच-पड़ताल की। पुलिस की इस कार्रवाई से ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया। शहर में खुलेआम शराब पिलाने की शिकायतों के मद्देनजर पुलिस ने ढाबों पर निगरानी बढ़ा दी है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने संबंधित स्थानों पर जांच की। पुलिस का उद्देश्य नियमों का उल्लंघन कर शराब पिलाने वालों पर अंकुश लगाना और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना है। टीआई गिरीश दुबे ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस की नजर अब ऐसे ढाबों पर भी रहेगी, जहां बैठकर शराब पीने और पिलाने की गतिविधियां संचालित की जाती हैं। पुलिस की इस सख्ती से शहर में अवैध गतिविधियों में लिप्त ढाबा संचालकों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सुपरवाइजर पर लगाए अभद्रता व मानसिक प्रताड़ना के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

एकीकृत बाल विकास परियोजना के अंतर्गत आने वाले रामनगर सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने अपनी सुपरवाइजर पर अभद्र व्यवहार करने एवं मानसिक प्रताड़ना सहित कई गंभीर आरोप लगाएं है। साथ ही कार्यकर्ताओं ने आरोपी सुपरवाइजर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

रामनगर सेक्टर के तहत आने वाली आंगनबाड़ी केंद्रों में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लामबंद होकर शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंची। इस दौरान उन्होंने एसडीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि एक माह में बार-बार बैठकें आयोजित करना तथा सेक्टर स्तर पर बैठकें न रखना। निरीक्षण के दौरान सुबह 11:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को



केंद्र पर बैठाए रखना। कार्यकर्ताओं को 'ढीठ', 'बेशर्म', 'कामचोर' आदि अपमानजनक शब्द कहकर बेइज्जत करना। बैठक में सभी 11 रजिस्टर मंगवाना, लेकिन उनकी विधिवत जाँच नहीं करना तथा अगली बैठक में भी पुनः यही प्रक्रिया दोहराना। कार्यकर्ता एवं सहायिका को केंद्र से बाहर निकालकर ग्रामीणों से कार्यकर्ता के विरुद्ध कथित रूप से प्रतिकूल बयान लिखवाना और गलत संवाद कर छवि खराब करना। बैठक की सूचना एक दिन पहले देना, लेकिन बैठक के स्थान की जानकारी अगले दिन लगभग 11 बजे देना, जिससे कि कार्यकर्ताओं को आने जाने में परेशानी हो। व्हाट्सएप ग्रुप पर किसी भी समय, जैसे शाम 4:00 बजे सूचना प्रसारित करना, और परियोजना कार्यालय में तत्काल उपस्थित होने का निर्देश देना। बैठकों में कार्यकर्ताओं की समस्याओं एवं उनके प्रश्नों को अनसुना करना तथा आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध न कराना और उन्हें न बोलने का कहना। बार-बार नौकरी से हटाने और मानदेय काटने की धमकी देना। कार्यकर्ता के स्वयं के व्यय से आंगनवाड़ी केन्द्र पर कई प्रकार के फ्लेक्स बनवाकर लगाने के लिए दबाव डालना शामिल है।

ज्ञापन देने वाली कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से अनीता ठाकुर, मंजू वर्मा,प्रेम बाई राठौर, रीना वर्मा,पार्वती सगवालिया, हेमलता ठाकुर, ऊर्मिला पचलानिया, तेजूकुंवर ठाकुर, सविता मेवाड़ा,धनकुवर मालवीय, कृष्णा मालवीय, माया वर्मा , गायत्री मेवाड़ा, पुष्पा ठाकुर, संजू परमाल, क्षमा वर्मा, अनीता ठाकुर, संतोष अस्थाया,आदि नाम शामिल हैं।

### आरोप निराधार

सुपरवाइजर रामनगर वंदना शाहू ने बताया कि आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वह निराधार है यह इनके द्वारा अपने काम में लापरवाही बरत रही है इसको लेकर इन कार्यकर्ताओ को मेरे द्वारा समय सीमा में काम करने का बोला गया था।

## वोट बचाओ देश बचाओ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक संपन्न

**बुधनी।** आगामी एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले कांग्रेस के विशाल राष्ट्रीय प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बुधनी एवं शाहगंज ब्लॉक कांग्रेस की संयुक्त बैठक ली। वार्ड क्रमांक 11 में ओपी मालवीय के निवास पर आयोजित इस



बैठक में विधानसभा प्रभारी राजकुमार केलू उपाध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 'वोट चोर गद्दी छोड़' कार्यक्रम के तहत दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे दिल्ली में आयोजित होने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। विधानसभा प्रभारी राजकुमार केलू उपाध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली कार्यक्रम की तैयारियां अभी से शुरू कर दी जाएं और संगठन के सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ अधिक से अधिक कांग्रेसजनों को दिल्ली पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएं। वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल ने पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर बुधनी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू राजपूत, शाहगंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गिरवर चौहान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता छगनलाल दुबे, तारिक पटेल, गौरीशंकर मीणा, मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मीणा, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, ओपी मालवीय, बहादुर चौहान, मुकेश गौर, रिंकू दुबे, अनिता मालवीय, राजकुमार गौर, सतीश शर्मा, सुदामा शिवहरे, रित्विज पालीवाल, प्रेम वर्मा, द्वारका प्रसाद मालवीय, पुरुषोत्तम मीणा, दीपक परसोंन, बलवीर चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गांव स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक गठित की जा रही ओबीसी महासभा की कार्यकारिणी

# ओबीसी के 27 फीसदी आरक्षण पर रोक के विरोध में ओबीसी महासभा देशभर में आंदोलन करेगी




'प्रदेश में ओबीसी जनसंख्या की 63 प्रतिशत हिस्सेदारी होने के बावजूद भी 13 प्रतिशत आरक्षण पर लगा रखी रोक'




हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्यप्रदेश सहित देशभर में ओबीसी जाति के द्वारा भेदभाव का आरोप लगाया है। इसको लेकर अब ओबीसी महासभा का विरोध सातवे आसमान पर है। महासभा के पदाधिकारी अब जमीनी स्तर पर लग कर प्रदेष स्तर पर बढ़ा आंदोलन करने की तैयारियों में है। इसी की तैयारी को लेकर गुरूवार को ब्यावरा के सुठालिया रोड स्थित यादव समाज धर्मषाला में ओबीसी महासभा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों ने शामिल होकर सरकार के खिलाफ आरक्षण लेने के लिए रणनीति तैयार की।

बैठक में जबलपुर उच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगाने विरोध में और जातिगत जनगणना करने ओबीसी को जनसंख्या के माननुसार राजनैतिक एवं प्रषासनिक पदों का आरक्षण प्रदान करने एवं ओबीसी के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागियों का सम्मान करने के प्रस्ताव पारित किए गए। सभा में विभिन्न वक्ताओं द्वारा पंचायत एवं वार्ड स्तर से लेकर जिला स्तर तक की कार्यकारिणी का गठन करने तथा उक्त सभी प्रस्ताव को ग्राम पंचायत में होने वाली आमसभा में पारित करवाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने ओबीसी आरक्षण समाप्त करने के विरोध में व्यापज जन आंदोलन खड़ा करने तथा अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए प्रदेष एवं देष स्तर पर आंदोलन करने का निर्णय लिया हैं। इस अवसर पर ओबीसी महासभा राष्ट्रीय महासचिव डॉ. ब्रजेन्द्रसिंह यादव, प्रदेष संयोजक प्रकाशसिंह धाकड़, किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरसिंह धाकड़, वरिष्ठ समाजसेवी यषपाल सिंह रावत, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, यादव धर्मषाला उज्जैन एवं अखिल भारतीय यादव महसभा अहीर प्रदेषाध्यक्ष रामगोपाल यादव, यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेषचंद यादव, यादव धर्मषाला उज्जैन एवं यादव समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन कोषाध्यक्ष नेमसिंह यादव, ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष राधेष्याम यादव सीलखेड़ा, ओबीसी प्रदेश संयोजक बद्रीलाल यादव करनवास, वरिष्ट समाजसेवी रमेषचंद्र यादव भाटखेड़ी, सरपंच रमेषचंद्र यादव तलावली, रमेषचंद्र यादव निवानिया, नारायणसिंह यादव तुमड़िया, मोहनलाल गौड़ आगर, घीसालाल राठौर बोड़ा, देवीसिंह चैहान बामलाबे, ओम प्रकाष यादव मोया, महेन्द्र यादव मोया, लाखनसिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में ओबीसी महासभा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार सत्यनारायण यादव निवानिया ने किया।

### कृषि योजनाओं की समीक्षा की

## यूरिया वितरण, प्राकृतिक खेती सिंचाई रकबा वृद्धि पर निर्देश दिए



### फसल बीमा के लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, उर्वरक वितरण, प्राकृतिक खेती, सिंचाई के रकबे में वृद्धि, फसल बीमा के लंबित प्रकरणों तथा आगामी रबी सीजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने तथा किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### यूरिया वितरण एवं उर्वरक व्यवस्था की समीक्षा

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिक मात्रा में यूरिया प्राप्त करने वाले किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन कर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही, रबी सीजन 2025-26 एवं 2026-27 के उर्वरक विक्रय का विश्लेषण करने तथा डबल लॉक केंद्रों पर दो कर्मचारियों और एक पटवारी की 15 दिवस की अवधि के लिए ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि उर्वरक वितरण व्यवस्था की प्रभावी निगरानी की जा सके।

### प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने पर जोर

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के अंतर्गत जिन बीआरसी केंद्रों का संचालन अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उनकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप बीआरसी केंद्रों के माध्यम से सामग्री क्रय सुनिश्चित कराने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों को प्रोत्साहित करने, अधिक से अधिक किसानों तक प्राकृतिक खेती की जानकारी पहुंचाने तथा इसके लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता के संबंध में किसानों को जागरूक करने पर जोर दिया। इस उद्देश्य से विस्तार अधिकारियों को नियमित क्षेत्रीय भ्रमण कर किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

### सिंचाई एवं सरसों के रकबे में वृद्धि के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उद्यानिकी विभाग के समन्वय से सूक्ष्म सिंचाई के रकबे में 10 हजार से अधिक की वृद्धि का आगामी लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही, सरसों की फसल का रकबा 41 हजार तक बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने तथा किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। जिन क्षेत्रों में वर्षा कम हुई है, वहां बीज वितरण की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने तथा क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

### फसल अवशेष प्रबंधन के लिए एसएमएस से दी जाएगी जानकारी

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में किसानों को एसएमएस के माध्यम से समय पर जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत पराली एवं नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, प्रतिबंधित गतिविधियों तथा हार्वेस्टर के पंजीयन से संबंधित आवश्यक सूचनाएं किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया, ताकि फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लंबित प्रकरणों का होगा निराकरण

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2017 से अब तक विभिन्न कारणों से लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विकासखंडवार शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। शिविरों के माध्यम से लंबित प्रकरणों का निराकरण करने, आवश्यक अभिलेख एवं जानकारी संकलित करने तथा किसानों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा किसानों को समय पर आवश्यक जानकारी, तकनीकी मार्गदर्शन और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराएं।

### अंडर 14 व 17 वर्ग की स्पर्धाएं

## आदर्श विद्या मंदिर की प्रथम बालिका कबड्डी प्रतियोगिता 28 से

### बैठक में खेल नियमावली तैयार कर टीमों के मैच तय किए गए



**माचलपुर।** आदर्श विद्या मंदिर में प्रथम बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें अंडर-14 एवं अंडर-17 वर्ग की प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक में प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर चर्चा कर नियमावली तैयार की गई। साथ ही, सभी टीमों के मैच निष्पक्ष तरीके से निर्धारित करने के लिए सर्वसम्मति से गोटी डालकर तय किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार, 28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। इसमें आदर्श विद्या मंदिर माचलपुर, प्रज्ञा पब्लिक स्कूल माचलपुर, काशी गुरुकुल माचलपुर, रॉयल हाइट्स जीरापुर, संस्कार विद्या निकेतन ब्राह्मणगांव, आदर्श विद्या मंदिर गोघटपुर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाड़गांव की टीमें मैदान में उतरेंगी।

बैठक में विद्यालय संचालक जगदीश गुर्जर, आदर्श विद्या मंदिर के महेश दांगी एवं खेल शिक्षक अरविंद गोस्वामी, संस्कार विद्या निकेतन होकम टेलर, प्रज्ञा पब्लिक स्कूल आलम कोतवाल, काशी गुरुकुल संदीप प्रजापति, रॉयल हाइट्स सोनू राठौर, शासकीय विद्यालय बाड़गांव ईश्वर परमार, आदर्श विद्या मंदिर गोघटपुर रामबाबू गुर्जर सहित संजय शर्मा, संदीप शर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

## श्रीराम का राज्याभिषेक, श्रद्धालुओं ने उतारी आरती

### स्थानीय कलाकारों ने किया सजीव मंचन, सेवाभाव की हो रही सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वावधान में आयोजित 16 दिवसीय मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की रामलीला में सारगर्भित प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालु भक्तों को भावविभोर कर दिया।इसी क्रम में भगवान श्रीराम के 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर माता सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटने तथा उनके राज्याभिषेक का भावपूर्ण मंचन किया गया। राज्याभिषेक के प्रसंग ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।इस दौरान राजगुरु विश्वामित्र द्वारा राज्याभिषेक की परंपरा का चित्रण किया गया तथा भगवान श्रीराम की आरती की गई।

### जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने की आरती

54 वर्ष से लगातार चल रही रामलीला में राजतिलक कि प्रथम आरती विगत 41 वर्षो से विधायक हजारीलाल दांगी एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गोकरण वर्मा करते आ रहे हैं।जहां प्रथम आरती 42 हजार रुपये की सहयोग राशि से की गई। रामलीला मंडल अध्यक्ष दिनेश पुरोहित ने 21 हजार रुपये द्वितीय आरती, संजय जमींदार बंटी, ओम करोडिया , श्याम करोडिया ने 11 हजार रुपये में तृतीय आरती तथा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने 21 हजार रुपये में चतुर्थ आरती , सीएमओ देवनारायण दांगी, सुसनेर सीएमओ हरिओम शर्मा, ऊंकार दांगी , दिनेश गुर्जर द्वारा 12 हजार 500 रुपये कि सहयोग राशि देकर पांचवी आरती उतारी। इसी क्रम में श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ संयोजक पंडित श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में, खाड़ी मंदिर समिति सेवादल, हिंदू उत्सव, गीता स्वाध्याय, मां अंबिका गरबा, भयंकर ग्रुप, प्रेस क्लब एवं तिरंगा मित्र मंडल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी आरती में भेंट राशि प्रदान कर सहभागिता की।



### निःस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रहे कलाकार

रामलीला की विशेषता यह है कि इसमें विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाने वाले कलाकार प्रतिदिन निःशुल्क सेवाएं देकर धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए हुए हैं। बालमुकुंद वैष्णव , गोपाल आचार्य , देवीलाल चैहान तबला एवं व्यास पीठ से सेवाएं दी। जबकि रामलीला का संचालन एवं अन्य व्यवस्थाएं सबसे वरिष्ठ मोहनलाल पुष्पद (सेवानिवृत्त शिक्षक) संभाल रहे हैं। अर्जुन सिंह पटेल , विजय सिंह चैधरी, मुकेश मालाकार टेक्सी तथा सबसे कम उम्र के लव जमींदार 8 वर्ष , दिव्यांशी तिवारी 9 वर्ष स्वप्निल आचार्य 12 वर्ष सहित अन्य छोटे बच्चे स्वरूप बनकर सेवाएं दे रहे।दर्शक कलाकारों के अभिनय, संवाद और मंचन की सराहना कर रहे हैं। धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहयोग और कलाकारों की निःस्वार्थ सेवा इस आयोजन को विशेष बना रही है।

## भूमि सुपोषण अभियान के अंतर्गत किसानों को भूमि की उर्वरता व मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करेंगे

### कलेक्टर ने किसान गौरव रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से भूमि सुपोषण अभियान के अंतर्गत किसान गौरव रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भूमि सुपोषण अभियान का उद्देश्य भूमि की उर्वरता एवं मृदा स्वास्थ्य के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा किसानों को भूमि की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। किसान गौरव रथ यात्रा के माध्यम से किसानों तक भूमि सुपोषण के महत्व से संबंधित संदेश पहुंचाने और कृषि भूमि के बेहतर प्रबंधन के प्रति जागरूकता विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। यह पहल कृषि भूमि के स्वास्थ्य संरक्षण, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा किसानों को जागरूक कर कृषि की




उत्पादकता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

### सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न

## अध्यक्षों व पदाधिकारियों, पार्षदों, नेताओं, को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरावर के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के 26 अक्टूबर को सारंगपुर के रास्ते राजगढ़ जिले में प्रवेश को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई तथा यात्रा की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में विधानसभा प्रभारी चैन सिंह गुर्जर एवं ब्लॉक प्रभारी मोतीलाल लोधा की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं को



यात्रा की तैयारियों और प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सभी कार्यकर्ताओं से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई।यात्रा के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, मंडलम अध्यक्षों, पंचायत कांग्रेस समिति के अध्यक्षों, नगर कांग्रेस अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों, पार्षदों, वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। वक्ताओं ने गांव-गांव और वार्डों में जनसंपर्क कर आमजन को यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने पर जोर दिया।बैठक को विधानसभा प्रभारी चैन सिंह गुर्जर, ब्लॉक प्रभारी मोतीलाल लोधा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने किया, जबकि अंत में नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर कांग्रेस पार्षदों, आसपास के क्षेत्रों के मंडलम अध्यक्षों, पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मातृ व शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने 'सुमन पंचायत' पहल का शुभारंभ

# शून्य मातृ मृत्यु, बाल मृत्यु व खसरा-रूबेला के शून्य प्रकरण वाली पात्र ग्राम पंचायतों को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्यप्रदेश शासन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, मातृ एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने तथा सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन पंचायत)' पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल का शुभारंभ 28 जून, 2026 को मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति सामुदायिक जिम्मेदारी बढ़ाना तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है। सुमन पंचायत पहल के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियों की निगरानी, जनजागरूकता और विभागीय समन्वय को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके माध्यम से मातृ मृत्यु, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु तथा खसरा एवं रूबेला के प्रकरणों में कमी लाने के लिए सामुदायिक स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

पहल के अंतर्गत 01 जनवरी, 2026 से 31 दिसंबर, 2026 तक की अवधि में शून्य मातृ मृत्यु, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की शून्य मृत्यु तथा खसरा-रूबेला के शून्य प्रकरण दर्ज करने वाली पात्र ग्राम पंचायतों को राज्य स्तर पर प्रमाण-पत्र के साथ एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार, सर्वाधिक पात्र सुमन पंचायतों वाले उत्कृष्ट विकासखंड को 50 हजार रुपये तथा सर्वाधिक पात्र पंचायतों वाले सर्वश्रेष्ठ जिले को भी 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रोत्साहन राशि का उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं, परिवहन सुविधाओं तथा सामुदायिक जागरूकता गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए किया जाएगा।

### निर्धारित समय-सीमा में पूरी होगी आवेदन व सत्यापन प्रक्रिया

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पंचायत, विकासखंड एवं जिला स्तर पर त्रिस्तरीय सत्यापन की व्यवस्था की गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 05 जनवरी, 2027 तकरू पात्र ग्राम पंचायतों द्वारा पंचायत सचिव के माध्यम से विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत किए जाएंगे। 10 जनवरी, 2027 तक विकासखंड स्तर पर सत्यापन के उपरांत आवेदन जिला स्तर पर भेजे जाएंगे। 15 जनवरी, 2027 तक जिला कलेक्टरध्जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से पात्र प्रस्ताव राज्य स्तर पर प्रस्तुत किए जाएंगे। 26 जनवरी, 2027 राज्य स्तर पर चयनित पात्र ग्राम पंचायतों, विकासखंडों एवं जिलों को 'सुमन पंचायत' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### तीन विभागों के समन्वय से होगा प्रभावी क्रियान्वयन

सुमन पंचायत पहल के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच आपसी समन्वय, नियमित समीक्षा और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया है। इस पहल के माध्यम से ग्राम पंचायतों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति अधिक उत्तरदायी बनाते हुए सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ बचपन की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

### लोहे के सरियों से भरा लोडिंग ऑटो पलटा, चालक की मौत

**विदिशा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के करैयाखेड़ा रोड पर मंगलवार शाम हुए सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम बिलराई निवासी महेश अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार महेश अपने लोडिंग ऑटो में पीतलमील से करैयाखेड़ा रोड स्थित तमोरिया में स्वयं के निर्माणाधीन भवन के लिए लोहे के सरिए लेकर जा रहे थे। घर पहुंचने से पहले रास्ते में उनका ऑटो अचानक पलट गया। लोहे के सरियों की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### दीपावली पर कार्बाइड गन और लैंप पर रोक के निर्देश जारी

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर एवं एसपी-आईजी कॉन्फ्रेंस में कानून व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने दीपावली पर कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रतिबंध संबंधी निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने और बाजारों में निगरानी रखने को कहा। साथ ही लोगों, विशेषकर बच्चों और युवाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान, स्वामित्व योजना, नरवाई प्रबंधन, मौसमी बीमारियों की रोकथाम और विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जयंती और 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

### रावण दहन के साथ माता की प्रतिमाएं विसर्जित की

**कुरवाई।** दशहरा पर्व पर रावण दहन के बाद शारदीय नवरात्रि का समापन मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ हुआ। नौ दिनों तक नगर में भक्ति का माहौल रहा। इस दौरान आरती, भजन-कीर्तन, महाआरती, कन्या भोज और नगर भंडारे आयोजित किए गए। प्रतिमाओं को फूलों से सजाकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ बेतवा नदी पुल घाट ले जाया गया, जहां देर रात तक विसर्जन चलता रहा। नगर पालिका ने घाट पर रोशनी और हाइड्रा की व्यवस्था की। इस दौरान एसडीएम मोतीलाल अहिरवार सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस सत्रों का आयोजन

**सीहोर।** जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्तगत यू-विन पोर्टल पर 111 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 111 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में 0 से 1 वर्ष तक के 504 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 198 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 101 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच की गई।

### 83 महिलाओं ने शुरू किया अपना कारोबार

**सीहोर।** महिला सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन की पहल से सीहोर में 83 महिलाओं ने अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू किए हैं। महिला उद्यमिता कार्यक्रम के तहत महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं ने अपनी रुचि, कौशल और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप विभिन्न व्यवसायों की शुरुआत की है। इनमें किराना दुकान, सिलाई सेंटर, ब्यूटी पार्लर जैसे कारोबार शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिला स्तरीय शिविर संपन्न

# विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को बांटे लाभ पत्र, सुनी समस्याएं

#### विधायक ने दीप प्रज्वलित कर विश्वास अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत नगर परिषद जावर में एक वृहद जिला स्तरीय जन विश्वास शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस महाशिविर में जिले के सभी विभागों ने एक साथ सहभागिता कर आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया और विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान कर जनता का विश्वास जीता। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र और लाभ पत्र वितरित किए गए। शिविर के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने हितग्राहियों को लाभ पत्र सौंपते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और शासन-प्रशासन में जनता का विश्वास सुदृढ़ करना है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न विकासपरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर बालागुरु के. ने प्रशासनिक तत्परता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच की दूरी को खत्म करना है ताकि कोई भी नागरिक अपने अधिकारों से वंचित न रहे और प्रशासन पर उनका भरोसा और मजबूत हो। सुरक्षा एवं जागरूकताः जिला पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने आम जनता को कानून व्यवस्था, साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल और आपसी विश्वास की बात कही। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए ग्रामीण एवं नगरीय विकास की योजनाओं की रूपरेखा सामने रखी और स्व-रोजगार व आजीविका मिशन के महत्व को समझाया। नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य ने शिविर में आए नागरिकों का स्वागत किया और स्वयं मंच से हितग्राहियों को लाभ वितरण कर उनकी स्थानीय समस्याओं को बेहद संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर परिषद जावर हर नागरिक की समस्या के त्वरित निराकरण और जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मंच पर नगर परिषद उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान, बाबूलाल पटेल,भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद संजय अजमेरा, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, मदन विश्वकर्मा, हुकम विश्वकर्मा, इकबाल शाह, धर्मेंद्र ठाकुर एवं धर्मेंद्र मालवीय सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मौके पर ही काम होने से नागरिकों के चेहरे पर संतोष और खुशी देखी गई। कार्यक्रम के सफल समापन पर उपस्थित सभी अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता का आभार प्रदर्शन मनोज वैद्य अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि द्वारा किया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीएमओ हरीश कुमार सोनी सहित संपूर्ण नगर परिषद स्टाफ भी मौजूद रहा।

# 400 केव्ही सबस्टेशन में चोरी की कोशिश नाकाम

### सुरक्षा कर्मी की सूझबूझ से टली बड़ी वारदात




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हकीमाबाद स्थित मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 400 केव्ही सबस्टेशन में चोरी के प्रयास को ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने नाकाम कर दिया। चोरी करने पहुंचे पांच आरोपियों में से तीन को सुरक्षा कर्मियों ने मौके पर पकड़कर पार्वती थाना पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए। तीनों नाबालिग बच्चों को पुलिस ने जमानत पर छोड़ा है और ये तीनों उक्त सब स्टेशन के पीछे के भाग से चोरी करने के उद्देश्य से घुसे थे और उन्होंने बिजली का तार भी काट लिया था। उनके दो साथी वाहन से रोड के समीप खड़े थे जो उनके पकड़े जाने पर मौके से भाग निकले। विद्युत मंडल के कर्मचारी ने 112 डायल कर दिया था ,तो मौके पर पुलिस भी तत्काल पहुंची।

योगेंद्र सिंह चाहर कार्यपालन अभियंता 400 केव्ही परीक्षण संभाग आष्टा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्रवाई में आउटसोर्स सुरक्षा कर्मी ललित मालवीय ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए अहम भूमिका निभाई। सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता से कंपनी को संभावित आर्थिक नुकसान से बचाने के साथ ही बिजली व्यवस्था पर पड़ने वाले गंभीर प्रभाव की आशंका टल गई।

#### बढ़ सकती थी परेशानी

कार्यपालन अभियंता श्री चाहर ने बताया कि सबस्टेशन में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक उपकरण रखे जाते हैं। यदि आरोपी चोरी करने में सफल हो जाते, तो इन उपकरणों की अनुपलब्धता के कारण किसी विद्युत आपात स्थिति में व्यवस्था बहाल करने में कठिनाई आ सकती थी। इससे बिजली आपूर्ति प्रभावित होने और लंबे समय तक विद्युत व्यवधान की आशंका पैदा हो सकती थी। ऐसे में सुरक्षा कर्मियों की सजगता ने संभावित नुकसान को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

#### सतर्कता आई काम

घटना के दौरान आउटसोर्स सुरक्षा कर्मी ललित मालवीय ने सूझबूझ से काम लेते हुए चोरी के प्रयास को विफल करने में अहम योगदान दिया। सुरक्षा कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए पांच में से तीन आरोपियों को पकड़ लिया और उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

#### चोरी का मोबाइल जब्त

पकड़े गए आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, दूसरे थाने की पुलिस ने इस मोबाइल के चोरी का होने की पुष्टि की है। घटना के संबंध में नगर निरीक्षक पार्वती थाना हरिसिंह परमार ने बताया कि उक्त चोरी के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर फिलहाल जमानत पर रिहा किया है। इन्हें मेडिकल कराकर बाल न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# खाली प्लॉट से कचरा हटाकर नपा अमले ने बनाया स्वच्छ, नागरिकों को जागरूक कर दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर राय सिंह मेवाड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री विनोद कुमार प्रजापति के निर्देशानुसार तथा वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद अरशद अली के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद आष्टा की स्वच्छता टीम द्वारा ताजपुरा रोड स्थित एक खाली प्लॉट को स्वच्छ किया गया। इस प्लॉट में कई वर्षों से लगातार कचरा डाला जा रहा था, जिससे वहां गंदगी का अंबार लग गया था। स्वच्छता टीम द्वारा प्लॉट की सफाई कर वहां स्वच्छता संबंधी स्लोगन एवं चालानी कार्रवाई की चेतावनी अंकित की गई, ताकि भविष्य में कोई भी नागरिक वहां कचरा न डाले। इसके पश्चात जन जागरूकता टीम ने एक विशेष दल गठित कर वार्ड में घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क किया। पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद अरशद अली ने स्वयं दल का नेतृत्व करते हुए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और सभी से अपील की कि वे अपना घरेलू कचरा केवल कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। खाली प्लॉटों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना प्रतिबंधित है। ऐसा करते पाए जाने पर नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एकत्रित हुए। जन जागरूकता टीम लीडर राजकुमार अकेला ने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा अपने वार्ड को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सफाई दरोगा जितेंद्र सिंगन, रोहित तिवारी सहित स्वच्छता टीम के सदस्य एवं वार्ड के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कचरा कचरा गाड़ी में डालें, शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। खाली प्लॉटों को कचरा घर न बनाएं।

### विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए नवंबर में लगेंगे शिविर

**सीहोर।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सीहोर वृत्त द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 'संपर्क अभियान' के तहत 23 अक्टूबर को आष्टा संभाग के जावर में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें विद्युत संबंधी शिकायतों का निराकरण किया गया। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि नवंबर 2026 में विद्युत वितरण केंद्रों पर शिविर लगाए जाएंगे। इनमें बिजली बिल सुधार, मीटर संबंधी समस्याएं, सर्विस केबल, कनेक्शन, भुगतान सहित अन्य तकनीकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। शेष शिकायतों पर भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे नवंबर में आयोजित होने वाले शिविरों में पहुंचकर अपनी बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान कराएं। शिविर की तिथि, स्थान की जानकारी का विशेष ध्यान रखें, ताकि उन्हें इस सुविधा का लाभ मिले।

# बिजली बंद करने का परमिट लेने के बावजूद अचानक आया करंट, कर्मचारियों की मदद करने पहुंचे युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही फिर उजागर हो गई। छापरी कला में शुक्रवार को करंट लगने से निखिल मेवाड़ा पिता तेज सिंह पार्वती बाई मेवाड़ा की दर्दनाक मौत हो गई। लाइनमैन के द्वारा परमिट लेने के बाद भी अचानक बिजली चालू कर दी गई। घटना से पूरे गांव में दुख फैला गया। ग्रामीणों में विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही को लेकर आक्रोश बना रहा। ग्रामीणों ने मृतक के माता-पिता को शासन प्रशासन से तत्काल आर्थिक मदद उपलब्ध कराने की मांग की।मिली जानकारी के अनुसार मंडी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम छापरीकला में क्षेत्र के लाइनमैन कृपाल सिंह के द्वारा बीते दिनों आंधी तूफान से क्षतिग्रस्त हुई बिजली के तारों ट्रांसफार्मर और बिजली के खाबो के सुधरी करने के लिए नापला खेड़ी स्थित विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय से बिजली बंद करने के लिए परमिट लिया था। कर्मचारियों की कमी के कारण लाइनमैन कृपाल सिंह ने गांव के कुछ लड़कों को मदद के लिए बुलाया था इन्हें में 23 वर्ष का निखिल मेवाड़ा पुत्र तेज सिंह मेवाडा भी शामिल था बिजली का तार उठाते वक्त अचानक बिजली के तार में करंट आ गया जिसकी चपेट में निखिल आ गया। मौके पर भी करंट लगने से निखिल मेवाड़ा की दर्दनाक मौत हो गई । परिजन और ग्रामीण निखिल को अस्पताल भी लेकर पहुंचे यहां पर डॉक्टरों ने निखिल को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाहर ग्रामीणों की काफी भीड़ लगी रही। ग्रामीणों ने विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही को लेकर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। पोस्टमार्टम के बाद मृतक निखिल शव परिजनों को सौंप दिया गया।



# प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड आष्टा द्वारा सेक्टर जावर की नवांकुर संस्था पीठ सेवा समिति के माध्यम से प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन श्री साईं पब्लिक स्कूल जावर में किया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में भगवत शरण लोधी , विकासखंड समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आष्टा तथा मेंटर्स राकेश शर्मा सुरेश पांचाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कियाआ गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रस्फुटन समितियों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की समीक्षा करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा आगामी गतिविधियों के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना रहा। विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी ने आगामी माह में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों से सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। उन्होंने सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियानों को जनभागीदारी के साथ संचालित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में मेंटर राकेश शर्मा द्वारा विभिन्न प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों को दस्तावेजीकरण एवं की गई गतिविधियों के प्रतिवेदन के संबंध में संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। समिति सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित सामाजिक गतिविधियों की जानकारी साझा की एवं साथ ही समितियों को अपने क्षेत्रों में सामाजिक सहभागिता बढ़ाने और जनहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को समाजहित में समर्पित भाव से कार्य करने, ग्रामीण विकास में अपनी भूमिका निभाने तथा स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों को दस्तावेजीकरण एवं की गई गतिविधियों के प्रतिवेदन के संबंध में संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। समिति सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित सामाजिक गतिविधियों की जानकारी साझा की एवं साथ ही समितियों को अपने क्षेत्रों में सामाजिक सहभागिता बढ़ाने और जनहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को समाजहित में समर्पित भाव से कार्य करने, ग्रामीण विकास में अपनी भूमिका निभाने तथा स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, मेंटर, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राएं तथा परिषद से जुड़ी नवांकुर सखियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समापन अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने समाज एवं राष्ट्रहित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने तथा ग्रामीण विकास की गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रस्फुटन समिति सदस्यों एवं नवांकुर साखियों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।प्रशिक्षण का संचालन नवांकुर प्रभारी सुरेश पांचाल ने तथा आभार प्रदर्शन नगर विकास प्रस्फुटन समिति जावर के अध्यक्ष राजपाल ठाकुर ने व्यक्त किया।

### प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान अंतर्गत प्रशिक्षण किया आयोजित

# सामाजिक कार्यों की समीक्षा कर योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड आष्टा द्वारा सेक्टर भवरा की नवांकुर संस्था कामेश्वरि शिक्षा एवं समाज सेवा समिति समिति के माध्यम से प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आलिमेंट सेंटर स्थित सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में पारुल उपाध्याय, जिला समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला सीहोर, भगवत शरण लोधी, विकासखंड समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड तथा राजाराज मालवीय, उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रस्फुटन समितियों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की समीक्षा करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा आगामी गतिविधियों के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना रहा। मुख्य अतिथि पारुल उपाध्याय ने कहा कि प्रस्फुटन समितियां ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक परिवर्तन लाने और जनभागीदारी के माध्यम से विकास कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना परिषद से जुड़े प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। इसके लिए समितियों को नियमित बैठकें आयोजित करने तथा स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर जनजागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी ने आगामी माह में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों से सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। उन्होंने सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियानों को जनभागीदारी के साथ संचालित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में मेंटर मुकेश राठौर द्वारा विभिन्न प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों को दस्तावेजीकरण एवं की गई गतिविधियों के प्रतिवेदन के संबंध में संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। समिति सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित सामाजिक गतिविधियों की जानकारी साझा की एवं साथ ही समितियों को अपने क्षेत्रों में सामाजिक सहभागिता बढ़ाने और जनहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को समाजहित में समर्पित भाव से कार्य करने, ग्रामीण विकास में अपनी भूमिका निभाने तथा स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, मेंटर, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राएं तथा परिषद से जुड़ी नवांकुर सखियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समापन अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने समाज एवं राष्ट्रहित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने तथा ग्रामीण विकास की गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रस्फुटन समिति सदस्यों एवं नवांकुर साखियों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण का संचालन मेंटर अरुणा परमार ने किया तथा आभार प्रदर्शन हरेंद्र सिंह ठाकुर ने किया।

# जिला कार्यालय अधिकारी ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ज्ञानेश कुमार खरे द्वारा विभाग द्वारा संचालित लाडली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में जानकारी देते हुए जन्म विश्वास कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र जावर, खजुरिया वन एवं खजुरिया का भी निरीक्षण किया वहां उपस्थित बच्चों से जानकारी लिए एवं उनके साथ संवाद भी और कार्यकर्ताओं को आ रही कठिनाइयों के बारे में भी जाना उनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र को संस्कार शाला के रूप में विकसित करने हेतु बोला गया।